2 राज. बटा, एन.सी.सी.
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

दिनांक : 10.10.2022

संशोधित आवश्यक सूचना

बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. भाग प्रथम के केवल नियमित (Regular) विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि एन.सी.सी. प्रथम वर्ष में नामांकन की प्रक्रिया दिनांक 18.10.2022 (मंगलवार) प्रातः 8.00 बजे सम्पादित होगी। इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक रूप से समय प्रातः 8.00 बजे पहुंच जावें। स्थान की सूचना अलग से दे दी जाएगी।

स्थान	**– स्थान की सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट व सूचना पट्ट पर बाद में दी जाएगी।**
दिनांक	**– 18.10.2022 (मंगलवार)**
समय	**– प्रातः 8.00 बजे**

नामांकन प्रक्रिया में 2 राज बटालियन एनसीसी द्वारा निर्धारित बोर्ड द्वारा अन्य आवश्यक शारीरिक मापदण्डों के अलावा विद्यार्थियों की दौड़ क्षमता, सिट अप एवं पुश अप क्षमता का भी परीक्षण किया जायेगा।

शारीरिक मापदण्डों के अलावा विद्यार्थी की कम्प्यूटर दक्षता, प्रतिशत प्राप्तांक, एनसीसी 'A' प्रमाण–पत्र, खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, गायन, वाद्य यन्त्र वादन व अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों में प्रवीणता को नियमानुसार वरीयता दी जायेगी।

शारीरिक मापदण्डों के अलावा विद्यार्थी का साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा भी ली जाएगी।

विद्यार्थी आवश्यक रूप से निम्नांकित दस्तावेजों के मूल व प्रमाणित स्पष्ट प्रतिलिपि अपने साथ लावें।

1. मूल महाविद्यालय परिचय–पत्र एवं उसकी प्रति
2. फीस जमा की रसीद की फोटोप्रति
3. 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका की फोटोप्रति
4. स्वयं के बैंक खाते की पासबुक की फोटोप्रति
5. आधार कार्ड की फोटोप्रति
6. स्वयं व पिता का मोबाईल नम्बर
7. निवास स्थान का पूर्ण पता
8. स्वयं की ई–मेल आईडी (जो चालू अवस्था में हो)
9. स्वयं का रक्त समूह
10. ऊपर लिखित सह–शैक्षणिक गतिविधियों के प्रमाण–पत्र (यदि कोई हो)।
11. स्वयं की पानी की बोतल अपने साथ आवश्यक रूप से लावे।

सभी विद्यार्थी कोरोना गाइडलाइन की पूर्ण पालना करें। मास्क के बिना उन्हें नामांकन स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

प्राचार्य

एनसीसी अधिकारी